श्री गुरु जम्भेश्वर नमः।।

अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा (रजि.)

क्रमांक:242/1–1292 एक्ट 21, वर्ष 1860 दिनांक 22 अप्रैल, 1936
मुख्य कार्यालय : मुक्तिधाम मुकाम, तहसील नोखा, जिला बीकानेर (राजस्थान)
दूरभाष : 01531–266635,266057

कुलदीप बिश्नोई
संरक्षक

क्रमांक : 0545 दिनांक : 11.10.2021

प्रतिष्ठा में,

अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा,
मुकाम।

विषय : महासभा की वर्तमान कार्यकारिणी के इस्तीफे एवं आगामी चुनाव तक प्रधान की नियुक्ति बारे।

महोदय,

अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा (रजि.) की समस्त कार्यकारिणी द्वारा मुझे अपने-अपने पदों से त्यागपत्र भेजे गए हैं। कार्यकारिणी द्वारा दिए गए सुझावों को स्वीकार करते हुए मैं वर्तमान कार्यकारिणी का त्याग पत्र मंजूर करता हूँ। सभी सदस्यों ने मुझे पत्र के माध्यम से आगामी चुनावों तक महासभा का प्रधान एवं कार्यकारिणी गठित करने के लिए अधिकृत किया है।

महासभा के सभी पदाधिकरियों ने कोविड-19 के मुश्किल समय में निरंतर समाज कल्याण की दिशा में बेहतरीन कार्य किया है। भविष्य में भी श्री रामस्वरूप मांझू जी एवं अन्य वरिष्ठ सदस्यों के अनुभवों का लाभ महासभा उठाती रहेगी। संत समाज, समाज के सभी जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध बुद्धिजीवियों से विचार विमर्श करने के बाद सभी की सहमती से मैं महासभा के संविधान के अनुसार दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए महासभा की और ज्यादा मजबूती के लिए **श्री देवेन्द्र बुडिया पुत्र श्री हरिराम जी, निवासी गुड़ा विश्नोईयान, जिला जोधपुर** को आगामी चुनावों तक अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा का प्रधान नियुक्त करता हूँ।

श्री देवेन्द्र बुडिया जी पिछले लंबे समय से समाज कल्याण की दिशा में विलक्षण कार्य कर रहे हैं। बिश्नोई धर्मशाला पुष्कर, बिश्नोई धर्मशाला जयपुर, बिश्नोई धर्मशाला हरिद्वार, बिश्नोई धर्मशाला दिल्ली, बिश्नोई धर्मशाला सालासर, बिश्नोई धर्मशाला जोधपुर, बिश्नोई भवन गुरूग्राम, बिश्नोई धर्मशाला रातानाडा, बिश्नोई मंदिर जांभा, बिश्नोई मंदिर खेजड़ली, मुकाम में भोजनशाला, कौशल गौशाला, बाबा रामदेव गौशाला लोहावट के निर्माण व अन्य सहयोग के लिए करोड़ों रूपए की धनराशी दान स्वरूप भेंट की है। इसके अलावा उन्होंने कोरोना की प्रथम व दूसरी लहर में तकरीबन 1 करोड़ 50 लाख रूपए का सहयोग राजस्थान सरकार को दिया, जिसके लिए उन्हें राजस्थान के मुख्यमंत्री द्वारा वरिष्ठ भामाशाह के रूप में सम्मानित भी किया गया। इसके अलावा भी वे समय-समय पर समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता तथा समाज के हर सामाजिक कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लेते हैं तथा हर संभव सहयोग करके समाज का नाम ऊंचा कर रहे हैं। अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा में भी विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने निरंतर समाज की मजबूती की दिशा में काम किया है। वे एक अच्छे संगठनकर्ता, दानी, मिलनसार एवं संघर्षशील व्यक्तित्व के धनी हैं।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि श्री देवेन्द्र बुडिया जी महासभा के गौरवशाली इतिहास को आगे बढ़ाते हुए अपने कार्यों को पूरी निष्ठा, मेहनत एवं ईमानदारी से निभाते हुए समाज कल्याण की दिशा में अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के कार्यों को नई ऊंचाईयां प्रदान करेंगे। महासभा में नई जिम्मेदारी के लिए मैं उन्हें बधाई देता हूँ।

धन्यवाद।

Kuldeep Bishnoi

Kuldeep Bishnoi

135, Golf Links, New Delhi, 110003, M. 9729597029
bishnoikuldeep bishnoikuldeep ikuldeepbishnoi kuldeepsinghbishnoi@gmail.com